## महत्वपूर्ण एवं खास

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 4 लाख 5 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी ज्योति रजक 34 वर्ष वार्ड 39 बसंतपुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी अश्वनी जैन व उसकी पत्नी स्वेता जैन ने प्रार्थिया को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। जिसके एवज में आरोपियों ने 1 अक्टूबर 2020 से 27 नवम्बर 2021 के मध्य अलग-अलग किस्तों में कुल 4 लाख 5 हजार रुपए ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं लगवा पाए, तो प्रार्थिया ने अपना पैसा वापस मांगा। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### वन्य जीव पैंगोलीन के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** खरोरा पुलिस के टीम ने ग्राम बुड़ेनी के पास वन्य जीव पैंगोलीन बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुड़ेनी के पास एक युवक वन्य जीव बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परदेशी पारधी 22 वर्ष वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से पैंगोलीन जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा वन्य जीव स.अ. 9,29,, 51,52 के तहत कार्रवाई की है।

### नवा रायपुर में तीन गाडिय़ों में भिड़ंत, एक की मौत एक गंभीर

**रायपुर (आरएनएस)।** अभनपुर थाना क्षेत्र के नवा रायपुर में मंगलवार को तीन गाडिय़ों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई वहीं एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई साथ ही चार अन्य लोगों को मामूली चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना नवा रायपुर के बेंद्री गांव के पास की है जहां दोपहर करीब 3 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक चालक युवक को टक्कर मारी दी, जिसके बाद तेज रफ्तार बाइक चालक सवारी ऑटो से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक युवक का नाम पवन सिंह बताया जा रहा है जो कोटा का रहने वाला है। हादसे में बाद घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार को दौरान युवक की मौत हो गई वहीं बाईक में सवार एक युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे में ऑटो सवार चार अन्य लोगों को भी मामूली चोट पहुंची है जिन्हें उपचार के लिए अभनपुर के स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### 10 साल के बच्चे की अरपा नदी में डूबने से मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर शहर के सरकंडा पुल के पास अरपा नदी में मंगलवार दोपहर एक 10 साल के बालक की डूबने से मौत हो गई। बालक नारियल की तलाश में नदी में उतरा था। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे तालापारा निवासी सलीम मोहम्मद का 10 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अयान अपने दोस्त के साथ सरकंडा पुल के पास अरपा रिवर व्यू रोड से गुजर रहा था इसी दौरान नदी में बह रहे नारियल को देखकर अयान नारियल लेने नदी में उतर गया और गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूबने लगा। अयान के दोस्त ने उसे डूबता देख शोर मचाया और अयान के परिजनों को भी सूचना दी गई। परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह अयान को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। अयान को तत्काल रिवर व्यू रोड से लगे सिम्स अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# साईबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस को होना होगा और अधिक सतर्क - डीजीपी अशोक जुनेजा

**पुलिस मुख्यालय में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ**




**रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के मुख्य आतिथ्य में आज पुलिस मुख्यालय नवा-रायपुर में 02 दिवसीय गूगल और पेटीएम साईबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुलिस मुख्यालय और वित्तीय कारोबार संचालित करने वाली गूगल एवं पेटीएम के प्रशिक्षित अधिकारियों की टीम द्वारा सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी (अतिरिक्त/ उप पुलिस अधीक्षक स्तर) एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों एवं रेंज स्तर से साईबर थाने में पदस्थ पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी को साईबर ठगी की रोकथाम और त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

पुलिस महानिदेशक जुनेजा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि साईबर अपराध ठगी और ब्लेकमेलिंग जैसी अपराधों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों को और अधिक सर्तक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के अलावा डॉटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 भी लागू हो गया है। इसमें साईबर ठगी के बढ़ते मामलों से निपटने और अपराधियों को पकड़ने तथा न्यायालय से दण्डित कराने के प्रावधान किये गये हैं, इन प्रावधानों से साईबर अपराधियों को दण्ड दिलाने में मदद मिलेगी।

जुनेजा ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि साईबर ठगी के मामलों में अपडेट जानकारी हार्ड एवं साफ्ट कॉपी दोनों उपलब्ध होनी चाहिए जिससे प्रार्थी या शिकायतकर्ता के शिकायत का समाधान यथाशीघ्र किया जा सके। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अन्य राज्यों में बैठकर किये जाने वालों अपराधों पर अंकुश एवं अपराधियों को पकडऩे के लिए अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर शीघ्रतापूर्वक कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अपराधी को पकडऩा साक्ष्य एकत्रित करना एवं अपराधी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उसे दण्ड दिलाना पुलिस के लिए बहुत बढ़ी चुनौती है, इसलिए पुलिस को आधुनिकतम रूप से प्रशिक्षित होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि गूगल और पेटीएम जैसे वित्तीय कार्य संपादित करने वाली संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा दिया जाने वाला प्रशिक्षण पुलिस अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गूगल और पेटीएम के प्रशिक्षित अधिकारियों की टीम द्वारा रुश्वक्रस् (ला इन्फोर्समेंट रिक्वेस्ट सिस्टम) पोर्टल, फ्राड, इमरजेंसी रिक्वेस्ट, फ्राड ट्रेंड, बिजनेस, ट्रान्जेक्शन, मानिटरिंग संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अपरान्ह में पेटीएम की टीम द्वारा ऑनलाईन बैंकिंग की कार्यप्रणाली एवं पेटीएम द्वारा साईबर क्राईम को रोकने की दिशा में उठाये गये कदम के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साईबर क्राईम कवि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसआरपी कल्लूरी, हिमांशु गुप्ता सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पैरी बंधन के तहत समूह की दीदियां बना रही धान, गोबर, बांस की आकर्षक राखियां

**संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में भी लगा स्टॉल**



**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला प्रशासन गरियाबंद की विशेष पहल से पैरी बंधन के तहत व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिले की महिला समूहों द्वारा धान, गोबर, मोती, बीज, बांस एवं रत्नजड़ित कलात्मक राखियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में बड़े एवं बच्चों की कलात्मक पैरी राखियां का विविध कलाकृतियों के माध्यम से बड़े स्तर पर राखी का निर्माण किया जा रहा है। महिला समूहों द्वारा निर्मित राखियों के बिक्री के लिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में भी स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल के माध्यम से कलेक्ट्रेट कार्यालय आने वाले लोग आसानी से राखियों की खरीदी कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर आकाश छिकारा और जिला पंचायत सीईओ मती रीता यादव ने राखियों के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने महिला समूहों द्वारा बनाई जा रही देशी राखियों की प्रशंसा करते हुए लोगों से राखी खरीदने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मती यादव ने धान और गोबर से निर्मित देशी राखियों की खरीदी भी की।

उल्लेखनीय है कि महिला स्व-सहायाता समूह की दीदियां द्वारा राखी तैयार करने में अनाज, धान, चावल, दालों के अलावा कुमकुम, मौली धागा का उपयोग किया जा रहा है। समूह की दीदियों द्वारा बड़े पैमाने पर रत्नजड़ित, मोती, गोबर, बांस से भी राखी बनाई जा रही है। इन राखियों की जिला कार्यालय गरियाबंद एवं राजधानी रायपुर तक काफी मांग है। दीदियों ने इस साल लगभग 40 हजार राखियां तैयार करने का लक्ष्य रखा है। रक्षाबंधन के बाद भाई चाहें तो बीजों से बनी राखियों को गमले में लगा सकते है। इन बीजों से निकलने वाले पौधे लंबे समय तक भाई बहन के स्नेह के प्रतीक के रूप में दिखते रहेंगे। महिला स्व-सहायता समूहों को राखी तैयार करने से लेकर बाजार उपलब्ध कराने तक में जिला प्रशासन मदद कर रहा है। इन इको फ्रेंडली राखियों की कीमत 30 रूपये से लेकर 250 रूपये तक है।

जिला प्रशासन गरियाबंद की विशेष पहल पैरी बंधन - पैरी बंधन के नाम से हजारों की संख्या में राखियां बना रही समूह की दीदियों को जिला प्रशासन द्वारा स्वावलंबी बनाने की दिशा में सशक्त प्रयास किया जा रहा है। बंधन नेह का, बहनों के स्नेह का, पुनीत बंधन, बढ़ेगा गौधन, आओ बच्चों बांधे, पैरी का पवित्र रक्षा सूत्र, बच्चों का हाथ, पैरी बन्धन के साथ, मोतियों से बंधा, पैरी का अटूट बंधन, रत्नों से जड़ा, पैरी का अटूट बंधन जैसे स्लोगन के साथ इस पैरी बंधन अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन समस्त राखियों को बिक्री के लिए गरियाबंद के सी-मार्ट में भी उपलब्ध कराया गया है। समूह द्वारा निर्मित राखियों के विक्रय हेतु अन्य जगहों पर भी स्टॉल लगाया जा रहा है।

## वाकेथॉन 2023 : दौड़ेगा रायपुर, वोट करेगा रायपुर

**मरीन ड्राइव पर 26 अगस्त को मतदाता जागरुकता के लिए होगा आयोजन**

**युवाओं सहित अधिक से अधिक लोगों से वाकेथॉन में शामिल होने कलेक्टर ने की अपील**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने 26 अगस्त को मरीन ड्राइव तेलीबांधा से वाकेथॉन का आयोजन किया जा रहा है। वाकेथॉन के द्वारा शत्-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने प्रेरित किया जाएगा। दौड़ेगा रायपुर, वोट करेगा रायपुर का उद्देश्य लेकर आयोजित हो रही इस वाकेथॉन में शहर के युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग, समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह वाकेथॉन 26 अगस्त को सबेरे 7 बजे से तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव से शुरू होगी। मरीन ड्राइव से शुरू होर आनंद नगर चैक होते हुए केनाल लिंक रोड से छत्तीसगढ़ क्लब और गांधी चैक होकर वाकेथॉन वापस मरीन ड्राइव पर समाप्त होगी।

## दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार : यूपी, हरियाणा के आरोपियों से लाखों का गांजा जब्त



**कोंडागांव (आरएनएस)।** अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को पकडने में केशकाल पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने 42.770 किलो गांजा के साथ हरियाणा, उत्तरप्रदेश के 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी कार की डिक्की में छुपाकर अवैध गांजे का परिवहन कर रहे थे. जब्त गांजे की कीमत 427700 रुपए बताया जा रहा है।

मुखबीर से सूचना मिलने के आधार पर थाना केशकाल के सामने हाईवे पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी. इस दौरान जगदलपुर की ओर से आ रही कार को रोककर वाहन में सवार व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम सगीर अली पिता नवाब अली निवासी गाजीपुर नगला पाट जिला फरीदाबाद (हरियाणा), गजेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र सिंह निवासी नगला सिरिया मथुरा (उप्र) का होना बताया। कार की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डिक्की में छुपाकर रखा 5 पैकट गांजा जब्त किया गया. जब्त 42.770 किलोग्राम गांजे की कीमत 4 लाख रुपए बताया जा रहा. पूछताछ करने पर आरोपियों ने गांजा को ओडिशा से लेकर बिक्री के लिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा ले जाना बताया. दोनों आरोपियों के खिलाफ केशकाल थाने में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेजा गया.

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित अन्य त्रुटि सुधार के लिए अंतिम तिथि 31 तक

**22 सितम्बर तक दावा-आपत्तियों का निराकरण, 4 अक्टूबर को होगा अंतिम प्रकाशन**



**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में मतदाता सूचियों के अंतिम पुनरीक्षण की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है। अब मतदाता सूचियों का के पुनरीक्षण के लिए नाम जोडऩे, काटने या विलोपित करने के लिए मतदाता 31 अगस्त तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में दे सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने बताया कि राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिये गये हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम 2 अगस्त से शुरू हो चुका है। डॉ. भुरे ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि एक अक्टूबर 2023 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोडऩे, कटवाने, नाम शुद्धिकरण, पता बदलवाने हेतु मतदान केंद्रों में शिविर के माध्यम से आवेदन लिए जा रहें है। अब तक रायपुर जिले की 7 विधानसभाओं में लगभग 20 हजार आवेदन मिले है। मतदाता निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन अथवा दावा आपत्ति संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जमा कर आवश्यकतानुसार त्रुटि सुधार करा सकते हैं।

मतदाता अपने संबंधित मतदान केन्द्र में 31 अगस्त तक प्रारूप-6, प्रारूप-7, प्रारूप-8, प्रारूप-8 क मतदाता सूची में नाम जोडऩे, कटवाने, नाम शुद्धिकरण, पता बदलवाने हेतु भरकर अपना नाम जुड़वा सकता है। ऐसे मतदाता जिनका नाम, जन्मतिथि मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण अंकित है वे फार्म-8 भरकर व ऐसे मतदाता जिनका पता गलत अंकित है, वे फार्म-8 क भरकर अपने संबंधित मतदान केन्द्र में जमा कर अपना नाम, पता, जन्मतिथि शुद्धिकरण करवा सकते हैं। किसी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए मतदाता निर्वाचन आयोग की वेब साइट पर भी विजिट कर सकते है। वोटर हेल्प लाईन एप्प और वोटर हेल्प लाईन नम्बर 1950 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। 31 अगस्त तक प्राप्त आवेदनों और दावा-आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को होगा।

## गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए बनी वरदान

**लोहत्तर गौठान बना आजीविका का साधन**

**गोबर बेचकर अपनी पुत्री को नर्सिंग कॉलेज रायपुर में दिलाया दाखिला**



**कांकेर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है, लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनके जीवन में खुशहाली आई है। यह योजना पशुपालकां के लिए अतिरिक्त आय प्राप्त करने का जरिया बना है, साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को विशेष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है।

दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के लोहत्तर गोठान पशुपालकों के लिए आजीविका का साधन बना हुआ है। इस गौठान में 77 पशुपालकों ने 3709.54 क्विंटल गोबर बेचकर 07 लाख 41 हजार 908 रूपये आय अर्जित किया है। कृषक कंवल सिंह ने बताया कि उन्होंने 865 क्विंटल गोबर बेचकर 01 लाख 73 हजार रूपये आय अर्जित की है, जिससे उन्होंने मोपेड खरीदा है एवं शेष राशि से कृषि कार्य हेतु आवश्यक सामग्री क्रय किया गया है। गोधन न्याय योजना शुरू करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने गोबर से भी जीविकोपार्जन का जरिया उपलब्ध कराया है। कृषक विजय मण्डावी बताते है कि उन्होंने 245 क्विंटल गोबर बेचकर 48 हजार 790 रूपये की आय अर्जित की है, जिससे अपनी पुत्री को नर्सिंग कॉलेज रायपुर में अध्ययन कराने में सक्षम हुआ हूँ।

## अखाड़ों के संरक्षण और संवर्धन के लिए शुरू होगी बजरंगबली अखाड़ा प्रोत्साहन योजना

**राजधानी रायपुर में खुलेगी राज्य स्तरीय कुश्ती अकादमी: निखरेगी पहलवानों की प्रतिभा**

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागपंचमी के अवसर पर की दो प्रमुख घोषणाएं**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य में अखाड़ों के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही पहलवानों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए बजरंगबली अखाड़ा प्रोत्साहन योजना आरंभ की जाएगी। इसके साथ ही राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय कुश्ती अकादमी खुलेगी जिसके माध्यम से इस क्षेत्र की प्रतिभाओं को तैयार किया जाएगा। राज्य में कुश्ती को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ये दो बड़ी घोषणाएं नागपंचमी पर्व के अवसर पर की।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य में मल्लखांब जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए भी अकादमी की घोषणा कर चुके हैं।

बजरंगबली अखाड़ा प्रोत्साहन योजना के पीछे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों का सुंदर वातावरण पुन: तैयार करना है। साथ ही हमारे प्रदेश की कुश्ती की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाना है।

बजरंगबली प्रोत्साहन योजना के माध्यम से अखाड़ों का संरक्षण और संवर्धन भी हो सकेगा। जिन अखाड़ों में पहले पहलवानों की कुश्तियां दिखा करती थी जहां पहलवान अपने दांव पेंच दिखाया करते थे लेकिन अब वहां सूना पसरा रहता है। इस योजना के माध्यम से इन अखाड़ों को पुनर्जीवन मिल सकेगा और एक बार पुन: यहां पहलवानों के दांव पेच देखने मिलेंगे और प्रदेश के तथा देश के प्रतिभाशाली पहलवान यहां से भी तैयार हो सकेंगे।

इसके साथ ही राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय कुश्ती अकादमी भी शुरू की जाएगी। इस आकदमी के माध्यम से कुश्ती की प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करेगी। भारत में तथा छत्तीसगढ़ में भी कुश्ती की बड़ी समृद्ध अपरंपरा रही है। धोबी पछाड़, धाक, झोली जैसे दांवपेच अखाड़ों से निकलकर हमारी जुबान में भी पहुंच गए हैं। इससे पता चलता है कि कुश्ती का खेल हमारी परंपरा का कितना गहरा हिस्सा रहा है इस परंपरा को पुन: सहेजने के लिए ये दो बड़ी घोषणा मुख्यमंत्री ने की है।

खास बात यह है कि यह घोषणा नाग पंचमी के मौके पर हुई है नाग पंचमी का त्यौहार कुश्ती के दंगलों के लिए जाना जाता है। लोग उत्साह से त्योहार के दौरान अखाड़े में जुटते हैं। बजरंगबली अखाड़ा प्रोत्साहन योजना आरंभ होने से अगली नाग पंचमी में बहुत सारे अखाड़ों में पहलवानों की और दर्शकों की धूम दिखेगी और अगली बार छत्तीसगढ़ के लोग नाग पंचमी और ज्यादा उत्साह से मना सकेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों क्रम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU